अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे)/जिलाधिकारी

दिनांक 16.12.2023 को महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट, हमीरपुर में अपरान्ह 06:00 बजे से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पत्यौरा डांडा, हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना तथा पुर्नगठन योजनाओं के निर्माण कार्य की प्रगति, हर घर जल ग्राम घोषित किये जाने तथा आ रही समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), अधिशासी अभियन्ता वि0/यॉं, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट, सहायक अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), महोबा, तथा पी0एम0सी0, टी0पी0आई0 तथा कार्यदायी फर्मों को प्रतिनिधियों ने बैठक में प्रतिभाग किया, जिसमें आपसे प्राप्त दिशा निर्देश एवं बैठक का कार्यवृत्त निम्नवत तैयार कर लिया गया है:-

डी0टी0एल0, टी0पी0आई0 हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हमीरपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 02 पेयजल योजना-(1) **पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल (सतही स्त्रोत)**, आच्छादित 131 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं एवं 17 राजस्व ग्राम में वाटर डिमांड ली गयी है **(2) हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना** निर्माणाधीन हैं। हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 02 परियोजनाएं-(i) हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना सतही स्त्रोत (ii) हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना, नलकूप आधारित संचालित हैं, जिनमें कुल 193 ग्राम सम्मिलित हैं तथा 11 ग्रामों में वाटर डिमांड ली गयी है।

**पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना**

सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल (सतही स्त्रोत) योजना में 131 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं एवं 17 राजस्व ग्राम में वाटर डिमांड ली गयी है, जिसमें विकास खण्ड मौदहा के 82 एवं विकास खण्ड सुमेरपुर के 66 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। उपरोक्त परियोजना में 01 इन्टेकवेल, 01 डब्लू0टी0पी0, 10 सी0डब्लू0आर0, 46 अवर जलाशय 306.63 किमी0 राइजिंगमेन, 908.886 किमी0 वितरण प्रणाली तथा 47940 FHTC का कार्य किया जाना है, जिसका घटकवार प्रगति निम्नवत है:-

फर्म SPML-JWIL(JV) के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री सुनील भारद्वाज द्वारा बताया गया कि **इन्टेकवेल** (45 एम0एल0डी0), **डब्लू0टी0पी0** (45 एम0एल0डी0) तथा सभी **10 सी0डब्लू0आर0** का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।

**पम्प हाउस**:- फर्म SPML-JWIL(JV) के जनरल मैनेजर द्वारा बताया गया कि योजना में 10 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 08 नग पम्प हाउस का सिविल तथा विद्युत यांत्रिक कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष 02 नग पम्प हाउस (मकरॉव तथा चन्दपुरवा बुजुर्ग) का कार्य प्रगति पर है। महोदय द्वारा पम्प हाउस कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि पर्याप्त मैनपावर लगाते हुए स्वीकृत ड्राईंग एवं डिजाइन एवं गुणवत्ता मानकों के अनुसार अवशेष कार्यो अविलम्ब पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**अवर जलाशय**:- फर्म SPML-JWIL(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में 46 नग अवर जलाशयों का निर्माण किया जाना है, जिसमें कुल 31 अवर जलाशयों का टॉप डोम कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष अवर जलाशयों का कार्य प्रगति पर है। सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा बताया गया कि पूर्ण किये गये अवर जलाशयों में से 23 अवर जलाशय अभी कियाशील नहीं हैं, पूर्ण किये गये अवर जलाशयों में 05 नग पर पाइप फिटिंग का कार्य पूर्ण नहीं किया गया हैं तथा अवशेष अवर जलाशयों में से 04 अवर जलाशय अभी प्रारम्भिक स्टेज पर ही हैं, अवर जलाशयों पर आवश्यक 15 टीमों के सापेक्ष 13 टीमें लगायी गयी हैं। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि दिनांक-23.12.2023 तक 10 और अवर जलाशयों को पूर्ण कर लिया जायेगा।महोदय द्वारा अवर जलाशयों की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा फर्म को निर्देशित किया कि सभी अवर जलाशयों पर पर्याप्त टीमें लगाकर एक साथ समान्तर रूप से कार्य करायें, जिन अवर जलाशयों में पाइप फिटिंग का कार्य शेष है पर्याप्त मानवश्रम लगाकर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं एस0डब्लू0एस0एम0 द्वारा निर्धारित कलर कोड के अनुसार अवर जलाशयों को कलर कराया जाय तथा पेयजल की आपूर्ति अवर जलाशयों के माध्यम से कराई जाय।महोदय ने सहायक अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), महोबा को निर्देशित किया कि जिन अवर जलाशयों की प्रगति धीमी है या जिन पर कार्य बंद है, पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य यथाशीघ्र प्रारम्भ कराया जाय।

**राइजिंगमेन एवं वितरण प्रणाली**:-फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में प्रस्तावित राइजिंगमेन 306.36 किमी0 के सापेक्ष 305.97 किमी0 पाईप लाइन बिछाये जाने का कार्य तथा प्रस्तावित वितरण प्रणाली 908.886 किमी0 के सापेक्ष 903 किमी0 पाईप लाइन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, वर्तमान में लगभग 06 किमी0 पाइप बिछाया जाना शेष है। महोदय द्वारा पाइपलाइन बिछाये जाने की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया कि पाइप लेइंग हेतु पर्याप्त टीमें लगाते हुये अवशेष पाइप लाइन बिछाने तथा गैप क्लोजिंग का कार्य दिनांक **31.12.2023** तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**FHTC कनेक्शन**:- फर्म के जनरल मैनेजर द्वारा बताया गया कि योजना मे प्रस्तावित 47940 FHTC के सापेक्ष 46062 नग FHTC का कार्य पूर्ण किया गया है।महोदय द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि निर्धारित लक्ष्य को

गम्भीरता से लेते हुए पर्याप्त टीमें लगाकर पाइप फिटिंग का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा जिन स्थानों पर MDPE का कार्य किया गया है, किन्तु कनेक्शन GI Pipe से जोड़ा नही गया है, कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करायें। सहायक अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), महोबा, सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 तथा डी0टी0एल0 टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि नल संयोजन पूर्ण किये गये ग्रामों में सत्यापन करा लें कि कोई मोहल्ला/परिवार छूटा नहीं है।महोदय द्वारा ऑगनबाड़ी केन्द्रों/विद्यालयों में नल संयोजन किये जाने की प्रगति पर खेद व्यक्त किया गया तथा कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त टीमें लगाकर ऑगनबाड़ी केन्द्रों/शासकीय पाठशालाओं में नल संयोजन कराना सुनिश्चित किया जाय।

**टेस्टिंग एवं कमिशनिंगः–** फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 94 राजस्व ग्रामों में फ्लशिग व टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर है, तथा 30 राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है। महोदय द्वारा कमिशनिंग की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया कि 94 ग्रामों में फ्लशिंग का कार्य पूर्ण होने के उपरांत भी अभी तक केवल 30 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है। सहायक अभियंता जल निगम ग्रामीण, महोबा द्वारा बताया गया कि पर्याप्त टीमें न होने के कारण सभी ग्रामों में जलापूर्ति नहीं हो पा रही है, आवश्यक 20 टीमों के सापेक्ष 16 टीमें लगायी गयी हैं।महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन राजस्व ग्रामों में गृह नल संयोजन का कार्य पूर्ण हो चुका है, कार्ययोजना बनाकर निरंतर रूप से जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें तथा अवशेष ग्रामों में माह दिसम्बर, 2023 तक कमिशनिंग एवं ट्रायल टेस्टिंग की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाय।

**हर घर जल सर्टीफिकेटः–** फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 27 राजस्व ग्राम के हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किये जा चुके हैं।महोदय द्वारा हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करने की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया कि 94 ग्रामों में ट्रायल टेस्टिंग की जा रही है, इसके बावजूद अभी तक केवल 27 राजस्व ग्रामों का हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किया गया है जबकि फर्म के प्रतिनिधि द्वारा 100 ग्रामों में हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किये जाने का आश्वासन दिया गया था।महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि पर्याप्त टीमें लगाकर तथा निरंतर रूप से जलापूर्ति करते हुए दिनांक 30.12.2023 के पूर्व सभी अवशेष हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

**रोड रेस्टोरेशनः–** फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि अभी तक 94 राजस्व ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन पूर्ण किया गया है एवं 31 राजस्व में कार्य शेष है।महोदय द्वारा सड़क पुर्ननिर्माण कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया कि जिन राजस्व ग्रामों में रोड–रेस्टोरेशन का कार्य किया जा रहा है की प्रतिदिन लैट0 लॉग0 के साथ फोटो उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा आवश्यक टीमें लगाकर, जिन–जिन राजस्व ग्रामों में रोड–रेस्टोरेशन का कार्य अवशेष है, उसे यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। अधिशासी/सहायक अभि0, जल निगम (ग्रामीण), महोबा इस आशय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये कि **ग्राम में सत्यापन कर लिया गया है, पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क का पुर्ननिर्माण कार्य पूर्व की भाँति गुणवत्तापूर्ण करा दिया गया है तथा ग्राम में कोई भी मोहल्ला/गली रेस्टोरेशन हेतु शेष नहीं है।**

## हरौलीपुर ग्राम समूह सतही एवं भूजल आधारित पाइप पेयजल योजना

अधिशासी अभियन्ता वि0/यॉ0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट द्वारा अवगत कराया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह सतही पेयजल योजना के माध्यम से कुरारा के 28 ग्राम सम्मिलित है तथा 11 ग्रामों की वाटर डिमांड ली गयी है तथा हरौलीपुर ग्राम समूह भूजल पेयजल योजना के माध्यम से विकास खण्ड मुस्करा, सरीला, राठ एवं गोहाण्ड के 166 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं।

### हरौलीपुर ग्राम समूह सतही पेयजल योजना–:

हरौलीपुर सतही स्त्रोत योजनान्तर्गत 01 इन्टेकवेल (9 MLD), 01 डब्लू0टी0पी0 (8 MLD), 12 नग अवर जलाशय तथा 05 नग सी0डब्लू0आर0, राइजिंगमेन 84.084 किमी0, वितरण प्रणाली पाइप 184.372 किमी0 तथा 9636 FHTC का कार्य किया जाना है, जिसका घटकवार विवरण निम्नवत है:–

कार्यदायी फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अभिषेक कुमार वर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि **इंटेकवेल (9 एम0एल0डी0), डब्लू0टी0पी0 (8MLD) 05 सी0डब्लू0आर0, 05 पम्प हाउस, 12 अवर जलाशय, राईजिंगमेन 84.621 किमी0, वितरण प्रणाली पाइप 184.372 किमी0, 9636** FHTC का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।

**टेस्टिंग एवं कमिशनिंग–** प्रोजेक्ट मैनेजर पी0एन0सी0 द्वारा बताया गया कि योजना मे प्रस्तावित 28 ग्रामों के सापेक्ष सभी 28 ग्रामों में फ्लशिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 23 राजस्व ग्रामों में निर्बाध रूप से जलापूर्ति की जा रही है।महोदय द्वारा कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया कि सभी 28 राजस्व ग्रामों में टेस्टिंग कमिशनिंग पूर्ण किये गये ग्रामों के सापेक्ष 23 ग्रामों में निर्बाध जलापूर्ति की जा रही है, जो असंतोषजनक है, माह दिसम्बर, 2023 तक सभी राजस्व ग्रामों में निर्बाध रूप से पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

**हर घर जल सर्टीफिकेटः**–कार्यदायी फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम सतही योजना के अन्तर्गत 16 राजस्व ग्रामों के हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किया जा चुका है।महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि 28 राजस्व ग्रामों में कमिशनिंग का कार्य पूर्ण किया गया है, मात्र 16 राजस्व ग्रामों के ही हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किये गये हैं, जो खेदजनक है।महोदय द्वारा फर्म PNC-SPML(JV) के प्रोजेक्ट मैनेजर तथा सहायक/अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा/सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 यथाशीघ्र सभी ग्रामों के हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

**रोड़–रेस्टोरेशनः**–प्रोजेक्ट मैनेजर पी0एन0सी0 द्वारा बताया गया कि अभी तक 23 राजस्व ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन पूर्ण किया गया है एवं 06 राजस्व ग्रामों में रेस्टोरेशन का कार्य शेष है, रोड़–रेस्टोरेशन कार्य हेतु 05 टीमें लगायी गयी हैं।महोदय द्वारा रेस्टोरेशन की प्रगति पर खेद व्यक्त किया गया कि विगत 20 दिवस में मात्र 01 राजस्व ग्राम का रोड़–रेस्टोरेशन पूर्ण किया गया है, पर्याप्त टीमें लगाकर उपलब्ध करायी गयी कार्ययोजना के अनुसार सड़कों के रेस्टोरेशन का कार्य अविलम्ब पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।महोदय द्वारा सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा, सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 को निर्देशित किया गया कि फर्म द्वारा रेस्टोरेशन हेतु लगायी गयी टीमों का सत्यापन कर लिया जाय तथा जिन राजस्व ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है, सत्यापन कराकर आख्या उपलब्ध करायें।

**हरौलीपुर ग्राम समूह भूजल पाइप पेयजल योजना–:**

हरौलीपुर नलकूप आधारित योजनान्तर्गत 123 नग नलकूप, 118 नग अवर जलाशय, 1 नग सी0डब्लू0आर0 वितरण प्राणाली के लिए पाईप बिछाने का कार्य 977.42 किमी0, 103 नग स्टाफ क्वाटर तथा 53504 FHTC का कार्य किया जाना है, जिसका घटकवार प्रगति निम्नवत है:–

**नलकूपः–** कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि नलकूप आधारित योजना में प्रस्तावित 123 नग नलकूप के सापेक्ष 119 नलकूपों के बोरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 04 नलकूप कार्य शेष है। 102 कार्यस्थलों पर सबमर्सिबल इन्स्टालेशन का कार्य किया जा चुका है। योजना में कुल 123 नग पम्प हाउस का निर्माण कार्य किया जाना है, जिसके सापेक्ष 116 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा आश्वासन दिया गया कि **25 दिसम्बर 2023** तक पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर, पीएनसी को निर्देशित किया कि मैनपावर व मशीनरी लगाकर सभी नलकूपों पर एक साथ समान्तर रूप से कार्य करायें तथा सबमर्सिबल इंस्टॉलेशन तथा पम्प हाउस का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर फंक्शनल करना सुनिश्चित करें।

**अवर जलाशयः**–कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में प्रस्तावित 118 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 93 अवर जलाशयों पर टॉप डोम का कार्य पूर्ण तथा 25 अवर जलाशयों का कार्य प्रगति पर है। सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि अवर जलाशयों पर 25 टीमों के सापेक्ष वर्तमान में 22 टीमें कार्यरत है तथा पूर्ण किये गये अधिकांशतः अवर जलाशय फंक्शनल नहीं है तथा पाइप फिटिंग का कार्य शेष है, जिंक एलम टैंक के इन्स्टालेशन की टीम कम होने के कारण जिंक टैंक इस्टालेशन का कार्य बहुत धीमी गति से किया जा रहा है। फर्म द्वारा विगत कई माह से 02 अवर जलाशयों पर कार्य बन्द है।महोदय द्वारा अवर जलाशयों के धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया, विगत 20 दिवस में मात्र 02 अवर जलाशय का का कार्य पूर्ण किया गया है। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा आश्वासन दिया गया कि बंद अवर जलाशयों का कार्य 23.12.2023 तक प्रारम्भ करा दिया जायेगा।महोदय द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया पर्याप्त मानवश्रम लगाकर सभी अवर जलाशयों पर लगाकर व समान्तर रूप से निर्धारित ड्राइंग डिजाइन एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करायें व पूर्ण किये गये सभी अवर जलाशयों को फंक्शनल किया जाय एवं निर्धारित कलर कोड के अनुसार ही अवर जलाशयों को कलर कराया जाय तथा पेयजल की आपूर्ति अवर जलाशयों के माध्यम से की जाय।

**वितरण प्रणाली/राइजिंगमेनः–** कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में प्रस्तावित 975 किमी0 वितरण प्रणाली तथा 7.30 किमी0 राइजिंगमेन के सापेक्ष 1.28 किमी0 वितरण प्रणाली तथा 0.68 किमी राइजिंगमेन बिछाने का कार्य अवशेष है। सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा बताया गया कि एजेंसी द्वारा अभी तक गैप क्लोजिंग का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है।महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 को निर्देशित किया कि जिन अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, उनके राइजिंगमेन का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर फंक्शनल करना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ अवशेष पाइप लाइन/गैप क्लोजिंग का कार्य पर्याप्त टीमें लगाकर स्वीकृत ड्राइंग डिजाईन एवं मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**FHTC कनेक्शनः–** एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि योजना में 53504 FHTC के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 53340 HTC का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।महोदय द्वारा पी0एन0सी0 प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप पाइप फिटिंग/नल संयोजन का कार्य शत–प्रतिशत यथाशीघ्र पूर्ण करायें तथा जिन स्थानों पर MDPE का कार्य किया गया है, किन्तु कनेक्शन GI Pipe से जोड़ा नही गया है, कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करायें।

**रोड रेस्टोरेशन :–** कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना (नलकूप आधारित) 134 राजस्व ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन किया जा चुका है तथा 31 राजस्व ग्रामों में कार्य अवशेष है, रेस्टोरेशन कार्य में 18 टीमें कार्यरत हैं। रोड़ रेस्टोरेशन की धीमी प्रगति परमहोदय द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया कि रोड रेस्टोरेशन कार्य की धीमी प्रगति के कारण ग्रामीणो को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है तथा ग्रामवासियों से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं।महोदय द्वारा पी0एन0सी0 प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवश्रम लगाकर रेस्टोरेशन का कार्य मानको के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध रूप से कराते हुए **दिनांक–31.12.2023** तक शत–प्रतिशत पूर्ण करायें, जिन राजस्व ग्रामों में रोड़–रेस्टोरेशन कार्य किया जा रहा है प्रतिदिन लैट0 लॉग0 के साथ फोटो उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अधिशासी/सहायक अभि0, जल निगम (ग्रामीण), महोबा इस आशय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये कि **ग्राम में सत्यापन कर लिया गया है, पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क का पुर्ननिर्माण कार्य पूर्व की भाँति गुणवत्तापूर्ण करा दिया गया है तथा ग्राम में कोई भी मोहल्ला/गली रेस्टोरेशन हेतु शेष नहीं है।**

**टेस्टिंग एवं कमिशनिंगः–**कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल भूजल योजना में 165 ग्रामों के सापेक्ष 130 राजस्व ग्रामों में टेस्टिंग कमिशनिंग का कार्य पूर्ण कर निरंतर रूप से पेयजल की आपूर्ति की जा रही हैं। सहायक अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा बताया गया कि कमिशनिंग पूर्ण किये गये सभी ग्रामों में निरंतर पेयजल आपूर्ति नहीं की जा रही है, बीच–बीच में सप्लाई बन्द कर दी जाती है।महोदय द्वारा कमिशनिंग कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि हरौलीपुर ग्राम समूह भूजल योजना जिनमें गृह नल संयोजन का कार्य पूर्ण किये गये सभी राजस्व ग्रामों में टेस्टिंग कमिशनिंग का कार्य **दिनांक–31.12.2023** तक पूर्ण करायें।

**हर घर जल सर्टीफिकेटः–**कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम भूजल योजना के अन्तर्गत 55 राजस्व ग्रामों के हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किया जा चुका है।महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि 130 राजस्व ग्रामों में निरन्तर पेयजल आपूर्ति की जा रही है, जिसके सापेक्ष अभी मात्र 54 हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किये गये हैं तथा विगत 20 दिनों में मात्र 01 राजस्व ग्राम का हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त हुआ है, जो असंतोषजनक है। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा आश्वासन दिया गया कि 31 दिसम्बर 2023 तक 130 ग्रामों के हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त कर लिया जायेगा।महोदय द्वारा फर्म PNC-SPML(JV) प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि नल संयोजन पूर्ण किये जा चुके सभी ग्रामों को हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

## पुर्नगठन पेयजल योजना

अधिशासी अभियन्ता वि0/यॉ0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिषन की पुर्नगठन योजना में 11 पैकेज के कुल 108 ग्राम आच्छादित हैं। पुर्नगठन योजना का अनुबंध अगस्त, 2023 में किया गया है तथा योजना को माह दिसम्बर, 2023 तक पुर्ण किया जाना है।

**1–मै0 अनिल कुमारः–** अधिशासी अभियन्ता वि0/यॉ0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 07 के अन्तर्गत कुल 03 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है, जिसमें पत्थौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना से वाटर डिमांड ली गयी है तथा योजना में 04 नलकूप, 01 सी0डब्लू0आर0, 02 अवर जलाशय, 27.19 किमी0 पाइप लाइन तथा 1663 नग नल संयोजन किया जाना है।

फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 04 नलकूप के सापेक्ष 02 नलकूपों के ड्रिलिंग, 02 नलकूपों के लोवरिंग का कार्य किया गया है, 27.19 किमी पाइप लाइन के सापेक्ष 18.5 किमी पाइप लाइन बिछायी गयी है तथा 1080 नल संयोजन कराये गये हैं। अधिशासी अभियन्ता वि0/यॉ0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट द्वारा अवगत करया गया कि फर्म द्वारा कम्प्रेशर मशीन तथा ओ0पी0 यूनिट नहीं लगायी गयी है। पाइप लेइंग हेतु 3 टीमों के सापेक्ष 2 टीम, नल संयोजन हेतु 5 टीमों के सापेक्ष 02 टीम, नलकूप हेतु आवश्यक 04 टीमों के सापेक्ष 02 टीम तथा अवर जलाशय पर कोई टीम नहीं लगायी गयी है। कार्यदायी फर्म द्वारा आश्वासन दिया गया कि 02 दिनों आवश्यक मशीनरी तथा मानवश्रम लगा दिया जायेगा।महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि पर्याप्त मानवश्रम व मशीनरी लगाकर सभी कम्पोनेन्ट पर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप कार्य कराना सुनिश्चित करें। सहायक/अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा कार्यदायी फर्म को अवर जलाशय, वितरण प्रणाली, एफ0एच0टी0सी0 आदि की धीमी प्रगति पर नोटिस निर्गत करें तथा अनुपालन आख्या उपलब्ध करायें।

**2–मै0 श्री हरि इंफ्रा प्रोजेक्ट प्रा0 लि0:–** अधिशासी अभियन्ता वि0/यॉ0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 01, 03, 04, 06 के अन्तर्गत कुल 45 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना में 07 सी0डब्लू0आर0, 25 अवर जलाशय, 53 नलकूप, पम्प हाउस 53, तथा 307.20 किमी0 पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य किया जाना है।

फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में 208.23 किमी पाइप लाइन बिछायी गयी है। 05 नलकूपों के बोरिंग का कार्य, 04 नलकूपों के लोवरिंग तथा 02 नलकूपों पर कम्प्रेशर का कार्य किया गया है, 8566 नल संयोजन का कार्य किया

गया है, तथा बोरिंग हेतु 03 रिंग मशीन लगायी गयी हैं। अधिशासी अभियंता वि0/या0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा अभी तक केवल 01 कम्प्रेशर मशीन लगायी गयी है तथा ओ0पी0 यूनिट नही लगायी गयी है तथा पम्प हाउस तथा सी0डब्लू0आर0 का कार्य अभी तक प्रारम्भ नहीं किया गया है। अवर जलाशयों पर 25 टीमों के सापेक्ष मात्र 07 टीमें ही लगायी गयी है, वितरण प्रणाली पाइप बिछाने के लिए 12 टीमों के सापेक्ष 09 टीमें तथा नल संयोजन हेतु 15 टीमों के सापेक्ष 7 टीमें लगायी गयी है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि 02 दिनों में 03 और कम्प्रेशर मशीन तथा ओ0पी0यूनिट लगा दी जायेगी तथा अवर जलाशयों पर 05 टीमें और लगा दी जायेगी।महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि नलकूप हेतु 03 और रिंग मशीनें, 02 कम्प्रेशर मशीन तथा 03 ओ0पी0 यूनिट लगाना सुनिश्चित करें तथा सभी कम्पोनेन्ट पर पर्याप्त मानवश्रम व मशीनरी लगाकर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप कार्य कराना सुनिश्चित करें, जिन राजस्व ग्रामों में पाइप लाइन बिछाये जाने तथा हाइड्रोटेस्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया पर्याप्त टीम लगाकर रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करायें। सहायक/अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा कार्यदायी फर्म को नलकूप, अवर जलाशय, वितरण प्रणाली, एफ0एच0टी0सी0 आदि की धीमी प्रगति पर नोटिस निर्गत करें तथा अनुपालन आख्या उपलब्ध करायें।

**3–मै0 बी0के0 कंस्ट्रक्शन एण्ड कम्पनीः**–अधिशासी अभियन्ता वि0/यॉ0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 08, 09 के अन्तर्गत कुल 26 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना में 11 अवर जलाशय, 31 नलकूप, 193.66 किमी0 पाइप लाइन तथा 13222 नग नल संयोजन किया जाना है।

फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 110.8 किमी पाइप लाइन बिछाने व 6045 नग नल संयोजन का कार्य किया गया है। 31 नलकूपों के सापेक्ष 10 नलकूपों के ड्रिलिंग का कार्य तथा 10 नलकूपों के लोवरिंग का कार्य किया गया है। अधिशासी अभियन्ता वि0/यॉ0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट द्वारा अवगत कराया गया कि योजना के समस्त घटकों पर पर्याप्त मानवश्रम नही लगाया गया है, जिसके कारण आपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है, नलकूपों पर 04 टीमों के सापेक्ष 02 टीम, वितरण प्रणाली हेतु 05 टीमों के सापेक्ष 01 टीम, अवर जलाशय हेतु 08 टीमों के सापेक्ष 02 टीम व हाउस कनेक्शन हेतु 10 टीमों के सापेक्ष 08 टीम लगायी गयी है। अधिशासी अभियंता वि0/यां0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट ने अवगत कराया कि फर्म द्वारा अभी तक 03 कम्प्रेशर मशीन के सापेक्ष 1 कम्प्रेशर मशीन तथा 03 ओ0पी0यूनिट के सापेक्ष एक भी ओ0पी0 यूनिट नहीं लगायी गयी है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि 02 दिनों में सभी आवश्यक मशीनरी तथा मानवश्रम लगा दिया जायेगा।महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि पर्याप्त मानवश्रम तथा मशीनरी लगाकर नलकूप, पम्प हाउस, पाइप लेंइंग, एच0एस0सी0 आदि समस्त घटको का कार्य कार्ययोजना के अनुसार स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप करायें। सहायक/अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा कार्यदायी फर्म को नलकूप, अवर जलाशय, वितरण प्रणाली, एफ0एच0टी0सी0 आदि की धीमी प्रगति पर अनुबन्ध की शर्तों के अनुरूप कार्यवाही कर अवगत करायें।

**4–मै0 नरेन्द्र कुमार गुप्ता, कॉन्ट्रेक्टर**–अधिशासी अभियन्ता वि0/यॉ0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 02 के अन्तर्गत कुल 05 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना में 02 सी0डब्लू0आर0, 03 अवर जलाशय, 16 नलकूप, 16 पम्प हाउस, 68.60 किमी0 पाइप लेइंग तथा 6121 नग नल संयोजन किया जाना है।

फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत करया गया कि 16 नलकूपों के सापेक्ष 09 नलकूपों का कार्य प्रगति पर है, 37 किमी पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया गया है, 1305 नग नल संयोजन का कार्य किया गया है। अधिशासी अभियंता वि0/यॉ0, जल निगम ग्रामीण चित्रकूट द्वारा बताया गया कि नल संयोजन हेतु आवश्यक 8 टीमों के सापेक्ष मात्र 04 टीम, वितरण प्रणाली पर 08 टीमों के सापेक्ष 05 टीम, नलकूपो पर 02 टीमों के सापेक्ष 01 टीम लगायी गयी है व नलकूप व अवर जलाशय पर कोई टीम कार्यरत नहीं है, फर्म द्वारा अभी तक एक भी कम्प्रेशर मशीन तथा ओ0पी0 यूनिट नहीं लगायी गयी है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि 02 दिनों में आवश्यक मानवश्रम तथा मशीनरी लगा दी जायेगी।महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि नलकूप बोरिंग हेतु 03 और रिंग मशीन, 02 कम्प्रेशर मशीन तथा 02 ओ0पी0 लगाना सुनिश्चित करें तथा पर्याप्त मानवश्रम लगाकर सभी कम्पोनेन्ट पर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करें।

**5–मै0 अवस्थी ट्यूवेल कम्पनी**–अधिशासी अभियन्ता वि0/यॉ0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 05 के अन्तर्गत कुल 11 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना में 08 अवर जलाशय, 14 नलकूप, 14 पम्पहाउस, 87.162 किमी0 पाइप लाइन तथा 6140 नग नल संयोजन का कार्य किया जाना है।

फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 07 नलकूपों का कार्य प्रगति पर है, 71.9 किमी पाइप लाइन बिछाने तथा 3950 नल संयोजन का कार्य किया गया है। 06 अवर जलाशयों के सापेक्ष 02 पर खुदाई का कार्य, 02 अवर जलाशय पर राफ्ट का कार्य तथा 02 अवर जलाशयों पर ग्राउन्ड लेबल का कार्य प्रगति पर है। अधिशासी अभियन्ता वि0/या0, जल निगम ग्रामीण, चित्रकूट द्वारा बताया गया कि अभी तक फर्म द्वारा 01 कम्प्रेशर मशीन लगायी गयी है तथा ओ0पी0 यूनिट नहीं लगायी

गयी है। नलकूपों पर 02 टीमों के सापेक्ष 01 टीम, अवर जलाशयों पर 06 टीमों के सापेक्ष 02, वितरण प्रणाली पर 06 टीमों के सापेक्ष 03 टीम तथा हाउस कनेक्शन पर 06 टीमों के सापेक्ष 03 टीमें लगायी गयी हैं। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि 01 कम्प्रेशर मशीन तथा 02 ओ0पी0 यूनिट 02 दिनों में तथा सभी घटकों पर आवश्यक मानवश्रम 01 सप्ताह में लगा दिया जायेगा।महोदय द्वारा कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा निर्देशित किया कि पर्याप्त रिंग मशीन, कम्प्रेशर मशीन तथा ओ0पी0यूनिट लगाकर नलकूप का कार्य यथाशीघ्र कराया जाय तथा पर्याप्त मानवश्रम लगाकर सभी कम्पोनेन्ट पर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**6–मै0 जय माँ लक्ष्मी कंस्ट्रक्शनः**–अधिशासी अभियन्ता वि0/यॉ0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 10 व 11 के अन्तर्गत कुल 18 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना में 07 अवर जलाशय, 18 नलकूप, 18 पम्प हाउस, 211.49 किमी0 पाइप लाइन तथा 16850 नग नल संयोजन किया जाना है।

फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि119 किमी पाइप लाइन बिछाने व 6010 नग नल संयोजन का कार्य, 06 नलकूपों के ड्रिलिंग, लोवरिंग का कार्य किया गया है, 04 अवर जलाशयों पर खुदाई का कार्य, 02 अवर जलाशयों पर राफ्ट का कार्य प्रगति पर है। अधिशासी अभियन्ता वि0/यॉ0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट द्वारा बताया गया कि योजना के समस्त घटकों पर पर्याप्त मानवश्रम का आभाव है, जिसके कारण कार्य में आपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है, नलकूपों पर 03 टीमों के सापेक्ष 02 टीम, अवर जलाशय पर 07 टीमों के सापेक्ष 02 टीम, वितरण प्रणाली पर 12 टीमों के सापेक्ष 10 टीम व हाउस कनेक्शन हेतु 12 टीमों के सापेक्ष 8 टीम लगायी गयी है तथा फर्म द्वारा एक भी कम्प्रेशर मशीन तथा ओ0पी0 यूनिट नहीं लगायी गयी हैं। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि 02 दिनों में आवश्यक मानवश्रम तथा मशीनरी लगा दी जायेगी।महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि नलकूपों हेतु 06 रिंग मशीने व पर्याप्त संख्या कम्प्रेशर मशीन तथा ओ0पी0यूनिट लगाना सुनिश्चित करें जिससे निर्धारित समयावधि के अन्दर नलकूपों का कार्य पूर्ण किया जा सके एवं पर्याप्त मानवश्रम लगाकर सभी कम्पोनेन्ट पर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप कार्य कराना सुनिश्चित करें। सहायक/अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा कार्यदायी फर्म को नलकूप, अवर जलाशय, वितरण प्रणाली, एफ0एच0टी0सी0 आदि की धीमी प्रगति पर अनुबन्ध की शर्तों के अनुरूप कार्यवाही कर अवगत करायें।

महोदय द्वारा कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवश्रम एवं आवश्यक मशीनरी लगाकर समय से प्रस्तावित कार्य निर्धारित ड्राइंग डिजाइन एवं गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करायें। रोड रेस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाय, जिससे जनसामान्य को असुविधा न हो तथा यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि कार्य सम्पादन में जो सड़क/सी.सी. रोड/गलियां छतिग्रस्त हो गयी हों, उनके पुर्ननिर्माण का कार्य पाइप लाइन बिछाये जाने तथा हाइड्रोटेस्टिंग के पश्चात पूर्व की स्थिति के अनुसार गुणवत्तापूर्ण सम्पन्न हो गया है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, पी0एम0सी0, टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि सत्यापन करा लिया जाय कि राजस्व ग्राम के सभी परिवारों में गृह नल संयोजन दिये जाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया हैं, कोई भी परिवार छूटा नही है तथा राजस्व ग्राम के सभी मोहल्ला/गली/वार्ड में रोड–रेस्टोरेशन का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। कार्ययोजना के अनुसार कमिशनिंग कराया जाय, ग्रामों में पेयजल की टेस्टिंग/ट्रायल शुरू कराने के बाद इसे बन्द न किया जाय, निर्बाध रूप से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। ग्राम में शत–प्रतिशत कनेक्शन तथा रोड़ रेस्टोरेशन कराकर 'हर घर जल' ग्राम घोषित कराया जाय। ग्रामों में पेयजल आपूर्ति का रोस्टर तैयार कर उसका प्रचार–प्रसार कराया जाय। अधिशासी अभियंता/सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा, टी0पी0आई0 तथा पी0एम0सी0 व्यक्तिगत रूचि लेते हुए कार्य मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण तथा स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप कराये तथा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय।

कृपया उपरोक्त कार्यवृत्त से सहमति की दशा में अनुमोदन करना चाहें।

Devendra
21/12/2023
(देवेन्द्र प्रताप पटेल)
वीहर अभिलेखागार आंग्ल
सम्बद्ध नमामि गंगे
कलेक्ट्रेट-हमीरपुर

21.12.2023
ADM CNG

अनुमोदित।
21/12/23
(DM)